**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,राजस्थान,जयपुर।**

क्रमांकः—सामा./आर.एच./13/ दिंनाकः

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,**
**अजमेर, बांरा, बाड़मेर, भीलवाड़ा, दौसा, धौलपुर,**
**डूंगरपुर, जोधपुर, नागौर, प्रतापगढ़, सिरोही,**
**टोक, उदयपुर, (राजस्थान)।**

**विषयः**— कारण बताओ नोटिस।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य के **सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, रामावि, रासीमावि एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के विद्यालयों में अध्ययनरत सभी विद्यालयों** मे अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम अनुसार दिनांक 31.10.12 को समाप्त हो गया परन्तु आज दिनांक तक निर्धारित पत्र में फाईनल सूचना प्राप्त नहीं हुई है। जबकि आपको उक्त फाईनल रिर्पोट दिनांक 6.11.12 तक आवश्यक रूप से प्रपत्र—2 एवं 3 में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त सूचना भिजवाने हेतु आपको अर्द्वशासकीय पत्र एवं दुरभाष द्वारा अवगत करवाया गया फिर भी आपके द्वारा सूचना आज दिनांक तक नहीं भिजवाई गई है। आपका यह कार्य राजकार्य मे लापरवाही का घोतक है। अतः आप अपने जिले की फाईनल रिर्पोट भिजवायें एवं साथ ही रिर्पोट ना भेजे जाने के सन्दर्भ में अपना स्पष्टीकरण 3 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्व की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

निदेशक (जन स्वा0)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान,जयपुर।

क्रमांकः—सामा./आर.एच./12/69 दिंनाकः 23-10-2013

प्रतिलिपिः—निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं।

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0,राज0, जयपुर।
2. समस्त सयुंक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जोन राज0 को निर्देश दिये जाते हैं कि उपरोक्त रिर्पोट संकलन कर निदेशालय में फैक्स न0 0141—2224831 पर अविलम्ब भिजवाना सुनिश्चित करें।
3. प्रभारी सर्वर रूम को नेट में पर डालने हेतु।
4. कार्यालय प्रति।

निदेशक (जन स्वा0)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान,जयपुर।